p· anchor

स्टार्टअप्स के लिए इन्वेस्टर वर्कशॉप

आइडिया को सफल बनाने के लिए निवेश के बताए टिप्स

पत्रिका plus रिपोर्टर

जोधपुर. पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित आई-स्टार्ट नेस्ट इन्क्यूबेशन सेंटर में शुक्रवार को इन्वेस्टर वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

इन्क्यूबेशन सेंटर के प्रभारी व उपनिदेशक जे.पी. ज्याणी ने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से स्टार्टअप्स को अपने आइडिया के सफल क्रियान्वयन के लिए निवेश की उचित योजना बनाने की जानकारी दी गई। मारवाड़ी कैटालिस्ट के फाउंडर सुशील शर्मा ने स्टार्टअप्स को इन्वेस्टमेंट संभावनाओं तथा फंड रेजिंग विकल्पों के बारे में जानकारी दी।

इन्वेस्टर वर्कशॉप में प्रतिभागी व ईवी स्पोर्ट्स बाइक।

पत्रिका

उन्होंने कहा कि किसी भी स्टार्टअप को सफल होने के लिए सही समय पर इन्वेस्टमेंट प्लान करना बहुत आवश्यक है। साथ ही उसे विभिन्न इन्वेस्टमेंट स्रोतों के बारे में भी जागरूक होना चाहिए।

ईवी स्पोर्ट्स बाइक

इस मौके पर डेवोट मोटर्स के फाउंडर वरुण पंवार ने अपने ईवी स्टार्टअप के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने बनाई गई ईवी स्पोर्ट्स बाइक को भी उपस्थित स्टार्टअप्स के समक्ष प्रदर्शित किया। कार्यशाला में आईस्टार्ट नेस्ट जोधपुर के मेंटर रौनक सिंघवी ने भी अपने विचार रखे।